(5)

## नालो की सफाई का कार्य निरंतर जारी

इन्दौर समाचार 1-1-2021

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा नगर के नालों की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा 30 दिसम्बर बुधवार को मौमन पुरा व मौलाना आजाद नगर वाले नाले की सफाई का कार्य जेसीबी मशीन, डम्पर, व गैंग द्वारा करवाया गया।

इन्दौर समाचार
1-1-2021

## नालों की सफाई जारी

रतलाम. कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा नगर के नालों की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा गुरुवार को मौमन पुरा, करमदी रोड बस स्टैण्ड ओझाखाली व शैरानी पुरा नाले की सफाई का कार्य करवाया गया।

पत्रिका
1-1-2021

पत्रिका
1-1-2021

(10)

2 नईदुनिया
इंदौर, शुक्रवार 01 जनवरी, 2021

## न्यूज गैलरी

### 70 दिनों में ठीक किए 108 वॉल्व और 491 पाइप लीकेज

रतलाम। शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पाइप लाइन व वॉल्व लीकेज ठीक करने का कार्य जलप्रदाय विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके तहत 70 दिनों में 108 वॉल्व व 491 पाइप लाइन लीकेजों को ठीक किया जा चुका है। रतलाम जलसंचित अभियान वाट्सएप ग्रुप में लीकेज की समस्या को अपलोड कर तत्काल निराकरण करवाया जा रहा है। गुरुवार को कोमल नगर, मुखर्जी नगर, एमबी नगर, जवाहर नगर हनुमान मंदिर के पास व विनोबा नगर में पाइप लाइन लीकेज ठीक करवाया गया। उक्त कार्यवाही कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, जलप्रदाय विभाग प्रभारी सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री सुहास पंडित, भैयालाल चौधरी के अलावा नीरज यादव, मोहन आदि के निर्देशन में की गई।

नई दुनिया 1-1-2021

निगम का दावा सूचना मिलते ही कर रहे बंद

# ऊंकाला रोड पर नहीं हुआ पानी लीकेज बंद

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 1-1-2021



रतलाम. शहर में नगर निगम दावा कर रही है कि जलमित्र नाम के सोशल मीडिया खाते पर सूचना मिलते ही वॉल या पानी के अन्य प्रकार के लीकेज को सुधारा जा रहा है, जबकि शहर के ऊंकाला रोड पर एक सप्ताह से हो रहे लीकेज को सुधारने की सूचना तीन बार देने के बाद भी अब तक यह ठीक नहीं हुआ है। क्षेत्र के कई नागरिकों ने इस मामले में नगर निगम से मांग की है कि लीकेज को तुरंत सुधारा जाए।

बता दें कि निगम का दावा है कि जलमित्र सोशल मीडिया पर सूचना मिलते ही लीकेज को एक से दो घंटे में सुधार कार्य कर दिया जाता है। इसके लिए अक्टूबर माह से अभियान जारी है। दूसरी तरफ शहर के ऊंकाला रोड पर एक सप्ताह से लीकेज है, लेकिन अब तक सुधार कार्य नहीं हुआ है। क्षेत्र के इमरान खोकर, अशरफ बेलिम आदि ने सुधार कार्य में तेजी लाने की मांग की है। बेलिम ने कहा कि कई नागरिक इस क्षेत्र का उपयोग भगवान गणपति के मंदिर जाने के लिए करते हैं, इससे श्रद्धालुओं को समस्या होती है। इसलिए नगर निगम को इस मार्ग का अधिक ध्यान देने की जरुरत है। एक सप्ताह में लीकेज नहीं सुधारे गए।

पत्रिका
1-1-2021

15

## नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के लिए ब्लाक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स नियोजित

**रतलाम।** नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2020-21 हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपालचन्द्र डाड ने ब्लाक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स नियोजित किए है। जारी आदेश के अनुसार नियोजित ब्लाक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स में आलोट ब्लाक के लिए सहायक प्राध्यापक संदीप नागर, विक्रम गेहलोत, सैलाना ब्लाक के लिए व्याख्याता वीरेन्द्र मीण्डा, उमावि शिक्षक मुनीन्द्र दुबे, बाजना ब्लाक के लिए व्याख्याता दिलीप कुमार पाटीदार, आर.के. जैन, जावरा ब्लाक के लिए प्राध्यापक डा. ए.जी. पठान, ए.पी. पाण्डे, पिपलौदा ब्लाक के लिए प्राध्यापक डा. डी.एस. किराडे, डा.रश्मि पंवार, रतलाम (नगर पालिक निगम) के लिए प्राध्यापक रियाज मंसूरी, डा.राजाराम रोमडे, रतलाम ग्रामीण के लिए सहायक प्राध्यापक दिनेशा बैरासी, रिजर्व में गणेश राठौर, डा.अशोक रावत, गब्बरसिंह परमार, शैलेन्द्र कुमार चौरसिया, इगुसिंह चौहान, डा. आनन्द सिंदल तथा डा.नीरज राव शामिल हैं। उक्त नियोजित मास्टर ट्रेनर्स को जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

1-1-2021

## नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन हेतु ब्लाक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स नियोजित

रतलाम। नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2020-21 हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गोपालचन्द्र डाड ने ब्लाक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स नियोजित किए हैं। जारी आदेश के अनुसार नियोजित ब्लाक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स में आलोट ब्लाक के लिए सहायक प्राध्यापक संदीप नागर, विक्रम गेहलोत, सैलाना ब्लाक के लिए व्याख्याता वीरेन्द्र मीण्डा, उमावि शिक्षक मुनीन्द्र दुबे, बाजना ब्लाक के लिए व्याख्याता दिलीप कुमार पाटीदार, आर.के. जैन, जावरा ब्लाक के लिए प्राध्यापक डा. ए.जी. पठान, ए.पी. पाण्डे, पिपलौदा ब्लाक के लिए प्राध्यापक डा. डी.एस. किराडे, डा. रश्मि पंवार, रतलाम (नगर पालिक निगम) के लिए प्राध्यापक रियाज मंसूरी, डा. राजाराम रोमडे, रतलाम ग्रामीण के लिए सहायक प्राध्यापक दिनेशा बैरासी, रिजर्व में श्री गणेश राठौर, डा. अशोक रावत, गब्बरसिंह परमार, शैलेन्द्र कुमार चौरसिया, इगुसिंह चौहान, डा. आनन्द सिंदल तथा डा. नीरज राव शामिल है। उक्त नियोजित मास्टर ट्रेनर्स को जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। मास्टर ट्रेनर के प्रशिक्षण की तिथियों से संबंधित सूचना, मार्गदर्शी दिशा निर्देश पृथक से दिए जाएंगे। उक्त नियोजित मास्टर ट्रेनर का किसी भी प्रकार का अवकाश इस कार्यालय की अनुमति के बगैर स्वीकृत नहीं किया जा सकेगा।

इन्दौर समाचार
1-1-2021

## नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन हेतु ब्लाक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स नियोजित

रतलाम। नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2020-21 हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपालचन्द्र डाड ने ब्लाक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स नियोजित किए हैं। जारी आदेश के अनुसार नियोजित ब्लाक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स में आलोट ब्लाक के लिए सहायक प्राध्यापक संदीप नागर, विक्रम गेहलोत, सैलाना ब्लाक के लिए व्याख्याता वीरेन्द्र मीण्डा, उमावि शिक्षक मुनीन्द्र दुबे, बाजना ब्लाक के लिए व्याख्याता दिलीप कुमार पाटीदार, आर.के. जैन, जावरा ब्लाक के लिए प्राध्यापक डा. ए.जी. पठान, ए.पी. पाण्डे, पिपलौदा ब्लाक के लिए प्राध्यापक डा. डी.एस. किराडे, डा. रश्मि पंवार, रतलाम (नगर पालिक निगम) के लिए प्राध्यापक रियाज मंसूरी, डा. राजाराम रोमडे, रतलाम ग्रामीण के लिए सहायक प्राध्यापक दिनेश बैरासी, रिजर्व में गणेश राठौर, डा. अशोक रावत, गब्बरसिंह परमार, शैलेन्द्र कुमार चौरसिया, इगुसिंह चौहान, डा. आनन्द सिंदल तथा डा. नीरज राव शामिल है। उक्त नियोजित मास्टर ट्रेनर्स को जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। मास्टर ट्रेनर के प्रशिक्षण की तिथियों से संबंधित सूचना, मार्गदर्शी दिशा निर्देश पृथक से दिए जाएंगे। उक्त नियोजित मास्टर ट्रेनर का किसी भी प्रकार का अवकाश इस कार्यालय की अनुमति के बगैर स्वीकृत नहीं किया जा सकेगा।

नव भारत
1-1-2021

(5)

दै. भास्कर 1-1-2021

**नई राहें...**


## वे प्रोजेक्ट जिनसे शहर विकास को मिलेगी रफ्तार

रतलाम | शहर में कई विकास कार्य चल रहे हैं जो शहर को कहीं न कहीं प्रभावित करते हैं। इनके पूरा होने से शहरवासियों को कई नई सुविधाएं मिलेंगी।

- **शहरवासियों को रोज मिलने लगेगा पानी :** नए साल में पूरे शहर के लोगों को रोजाना पानी मिलने लगेगा। 20 साल से एक दिन छोड़कर पानी दिया जा रहा था। 14 दिसंबर को विधायक चेतन्य काश्यप ने कस्तूरबा नगर टंकी से नियमित जलप्रदाय का प्रारंभ कर दिया है। अब दीनदयाल और ग्लोबस टंकी से रोजाना पानी देने की तैयारी की जा रही है।
- **जून तक काम करने लगेगा सीवरेज सिस्टम :** गंदे पानी को नाले की बजाए अंडर ग्राउंड तरीके से शहर के बाहर ले जाकर ट्रीटमेंट कर साफ करने के लिए बनाया जा रहा सीवरेज सिस्टम जून तक काम करने लगेगा। 275 किमी में से 11 किमी लाइन ही डलना है। 5 में से 3 पंपिंग तैयार हो चुके है, दो का काम जल्द शुरू होगा।
- **प्रदेश में सबसे पहले जिले में हाई-वे पुलिसिंग :** हाई-वे पर होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए नए साल में प्रदेश में सबसे पहले जिले में हाई-वे पुलिसिंग की शुरुआत होगी। इसके लिए अक्टूबर व नवंबर में 'रोड सेफ्टी ऑडिट' करने के बाद पुलिस कप्तान गौरव तिवारी ने पूरी योजना बना ली है। इसमें जिले से गुजरने वाले सभी हाई-वे को 50-50 किमी के क्षेत्र बांटकर 24 घंटे निगरानी की जाएगी।

**गुड्स शेड... धौंसवास में हो जाएगा शिफ्ट**

## फ्रीगंज और स्टेशन रोड पर भारी वाहनों का प्रवेश हो जाएगा बंद



भास्कर संवाददाता | रतलाम

1-1-2021

नए साल में फ्रीगंज और स्टेशन रोड के रहवासियों को तीन दशक पुरानी रेलवे के गुड्स शेड से भारी वाहनों की आवाजाही से होने वाली परेशानी से छुटकारा मिल जाएगा। धौंसवास स्टेशन के लेवल क्रॉसिंग (गेट नंबर 192बी) के पास नया गुड्स शेड तैयार हो गया है।

सुरक्षा के लिए दोनों एप्रोच रोड पर आरपीएफ की पोस्ट बना दी है। प्लेटफॉर्म पर बनने वाले कवर शेड बनाने का सामान पहुंच गया है। इस सप्ताह कवर शेड आकार लेने लगेगा। जल्द ही डीआरएम विनीत गुप्ता रेलवे ट्रेडर्स से मीटिंग करेंगे। उसके बाद पुराने गुड्स शेड को यहां शिफ्ट करना शुरू कर देंगे। ट्रेडर्स को लंबे और चौड़े नए शेड से लोडिंग-अनलोडिंग करने और ट्रकों का मूवमेंट करने में सुविधा होगी। वहीं रेलवे को गुड्स ट्रेन को शेड की लाइन में लेने के लिए यात्री ट्रेनों को रोककर शंटिंग नहीं करना होगी।

### नए गुड्स शेड का आकर

- **लागत :** 13.56 करोड़ रुपए
- **प्लेटफॉर्म :** 700 बाय 18 मीटर
- **ट्रैक :** 760 मीटर लंबा ट्रैक
- **एप्रोच रोड :** 10 मीटर चौड़े, औद्योगिक क्षेत्र और रेलवे फाटक के पास से एंट्री

दै. भास्कर
1-1-2021

(13)

पत्रिका 1-1-2021

## विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाए

रतलाम. सर्द रातों में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए शहर में अलाव जलाने के कार्य की शुरुआत हो गई है। गुरुवार को नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाल चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय, रैन बसेरा सिविक सेन्टर, पांजरा पोल, महू रोड बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, कालिका माता, नगर निगम फायर ब्रिगेड सहित नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं चौराहों पर अलावा जलाये गये।

पत्रिका
1-1-2021

# सर्दी के सितम से जनजीवन प्रभावित

## मौसम : तापमान में गिरावट से ठिठुर रहे जिलेवासी, फसलों पर पड़ने लगा असर

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में सर्दी के सितम से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। तापमान में गिरावट से आमजन दिनभर ठिठुर रहे हैं। लगातार शीतलहर से फसलों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। सुबह घना कोहरा छाने के साथ खेतों में ओस की बूंदें जम रही है। पाइप लाइन में भी बर्फ जमने लगी है। सर्दी से बचाव के लिए लोगों को तरह-तरह के जतन करना पड़ रहे हैं। रात के साथ दिन भी अलाव का सहारा लिया जा रहा है।

बीते चार दिनों से मौसम के मिजाज बदले हुए हैं। उत्तर भारत में हो रही बर्फबारी का असर महसूस किया जा रहा है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 22.6 व न्यूनतम 7.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बुधवार के मुकाबले अधिकतम तापमान में 1.4 और न्यूनतम तापमान में 0.5 डिग्री सेल्सियस का उछाल आया। सुबह की आर्द्रता 75 व शाम की 67 प्रतिशत रही, जो बुधवार को क्रमशः 65 व 60 प्रतिशत थी।

### विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाए

नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा सर्द रातों में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए बाल चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय, रैन बसेरा सिविक सेंटर, पांजरा पोल, महू रोड बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, नगर निगम फायर ब्रिगेड सहित शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थल व चौराहों पर अलाव जलाए जा रहे हैं।



सर्दी से बचाव के लिए रतलाम में अलाव तापते हुए नागरिक। • नईदुनिया 1-1-2021

नईदुनिया
1-1-2021

## 508 मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। इसके तहत अब तक 508 मवेशियों को पकड़कर जिले की गोशालाओं में भेजा जा चुका है। गुरुवार को सैलाना बस स्टैंड, सैलाना ओवरब्रिज, अलकापुरी, मार्निंग स्टार स्कूल, इंद्रलोक नगर से छह मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए। कार्रवाई प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े आदि के निर्देशन में की गई।

नई दुनिया
1-1-2021

## 502 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

इन्दौर समाचार 1-1-2021

**रतलाम। रतलाम नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है जिसके तहत 12 अक्टूबर से 30 दिसम्बर तक 502 मवेशियों को पकड़कर जिले की गौशालाओं में भेजा गया।**

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द डाड व निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 12 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 30 दिसम्बर तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 502 मवेशियों को पकड़ जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 30 दिसम्बर बुधवार को शहर सराय, लौहार रोड, नीम चौक, काटजू नगर व बैंक कालोनी से 9 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गये।

शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़को चौराहो को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलो को अभियान चलाकर तोड़ा जायेगा इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है। शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित है, ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़े का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है वे स्वंय अपने तबेले एवं बाड़े नहीं तोड़ते है तो निगम द्वारा उन्हे तोड़ जाकर राशि वसूल की जायेगी।

नगर निगम एक्ट की धारा 358 के तहत कोई भी व्यक्ति जो कि अपना घोड़ा या अन्य किसी भी पशु को अपनी इच्छा से खुला छोड़ेगा व उससे किसी व्यक्ति या संपत्ति को नुकसान पंहूचता है तो पालक पर 500 रूपये का अर्थदण्ड किये जाने का प्रावधान है। निगम एक्ट के तहत अब स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशी पालकों के घर जाकर निगम दस्ता अर्थदण्ड राशि रूपये 500/- वसूल करेगा।

स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े व स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा की गई।

इन्दौर समाचार
1-1-2021

2

स्टेशन रोड पर निगम दल ने किया जुर्माना

# गंदगी फैलाने वालों पर रखी जा रही सीसीटीवी से निगरानी

1-1-2021

रतलाम@पत्रिका. नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरों से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते हैं ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। गुरुवार को निगम का स्वास्थ्य विभाग का दल स्टेशन रोड पहुंचा व गंदगी करने वाले दुकानदारों पर अर्थदंड की कार्रवाई की।

नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे हैं ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी व मलबा फैलाने पर होटल शिवजी स्टेशन रोड पर 1000, श्रीराम खण्डेलवाल, खण्डेलवाल नमकीन, बजरंग टी स्टॉल, उत्तम कुमार, गोवर्धन दास, बालाजी रेस्टोरेंट, गुरुनानक किराना, बिसमिल्लाह होटल स्टेशन रोड, रिद्धी-सिद्धी रेस्टोरेंट 80 फीट रोड पर 500-500, नवीन, जय त्रिपाठी, महेश-मोहनलाल, भारत ऑटो मोबाईल, होटल शालिमार, युसुफ बैग वाला स्टेशन रोड, मुकेश फीगंज कलाली पर 250-250, ज्ञान सागर पुस्तक भण्डार, फिरोज खान, हेमन्त राज, दो बत्ती, गौरव, मुस्तफा भाई, मायाश्री रेस्टोरेंट पर 200-200, श्री राजस्थान भोजनालय पर 100 व राधेश्याम महू रोड बस स्टेण्ड पर 50 रुपये का जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े आदि के द्वारा की गई।

4/1/2021

1-1-2021

(17)

# शहर को मिलेगा छठा महापौर, सीवरेज प्रोजेक्ट भी पूरा होगा

## तरक्की की राह : रिंग रोड, जिला अस्पताल के नए भवन का काम शुरू होगा


उम्मीदें 2021

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना काल के कड़वे अनुभव के साथ वर्ष 2020 खत्म हो गया। आज से 2021 का आगाज हो रहा है। उम्मीद के वातावरण में इस बात का भरोसा सभी को है कि 2020 पर यह साल इक्कीसा ही साबित होगा। शहर व जिले में रुकी हुई योजनाएं फिर से रफ्तार पकड़ेंगी। व्यापार को नई दिशा मिलेगी। स्मार्ट सिटी, सीवरेज प्रोजेक्ट, फोरलेन निर्माण व अमृत योजना के काम इस साल पूरे हो जाएंगे। इससे शहर के प्रमुख चौराहों, सड़कों की दशा बदले जाएगी। स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 को लेकर भी इस बार नगर निगम के साथ शहरवासियों की तैयारी भी अच्छी खासी है। इसके चलते गत वर्ष की तुलना में रैंकिंग सुधरने के आसार हैं।

**नए साल में होगा यह खास : निकाय चुनाव:** नगर निगम में पांचवीं परिषद में पूर्व महापौर डॉ. सुनीता यार्दे का कार्यकाल 31 दिसंबर 2019 को समाप्त होने के बाद 1 जनवरी 2020 से निगम में प्रशासक की नियुक्ति कर दी गई। बतौर प्रशासक कलेक्टर के पास प्रभार है। चुनाव नहीं होने से पूरा साल प्रशासक काल में ही निकल गया। अब फरवरी-मार्च 2021 में चुनाव की तैयारी है। ऐसे में शहर को छठा महापौर मिल जाएगा।

**जिला अस्पताल भवन:** जिला अस्पताल के 300 बेड की क्षमता वाले नए भवन को लेकर प्रक्रिया पूरी हो गई है। इस साल बजट में प्रविधान होने पर काम प्रारंभ होने की संभावना है। वर्तमान भवन के जर्जर होने से आए दिन प्लास्टर, छज्जा गिरने की घटनाएं होती हैं। इससे मरीजों व स्वजनों सहित स्टाफ को खतरा बना रहता है।

**सुपर स्पेशलिटी अस्पताल :** मेडिकल कॉलेज में तृतीय वर्ष की पढ़ाई प्रारंभ होने के साथ ही इसी वर्ष 750 बेड का सुपर स्पेशलिटी अस्पताल प्रारंभ हो जाएगा। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने सभी तैयारी कर ली है। जरूरी संसाधनों की खरीदी कर ली गई है। सेंट्रल ऑक्सीजन लाइन व आइसीयू का काम पूरा हो गया है। इस अस्पताल के शुरू होने से रतलाम सहित आसपास के जिलों के मरीजों को भी फायदा मिलेगा।



रतलाम शहर का विहंगम दृश्य। • फाइल

**सीवरेज लाइन की सौगात:** शहर में 175 करोड़ रुपये की लागत के सीवरेज प्रोजेक्ट का काम भी इसी साल पूरा हो जाएगा। हाउस कनेक्शन भी दिए जाएंगे। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) प्रारंभ होने से पेयजल को छोड़कर शेष कार्यों के लिए पानी मिलेगा।

**रिंग रोड :** बंजली से नंदलाई, खेतलपुर होकर तितरी पर झाबुआ मार्ग तक रिंग रोड बनाए जाने का काम भी इसी साल से शुरू होगा। इस प्रोजेक्ट में टेंडर हो चुके हैं। वर्क ऑर्डर के बाद भी काम प्रारंभ नहीं हुआ है। लोक निर्माण विभाग ने काम प्रारंभ करवाने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है।

**चित्तौड़गढ़ तक इलेक्ट्रिक इंजन से चलेगी ट्रेन:** न्यू ट्रैक व शंभुपुरा-निंबाहेड़ा तक सीआरएस का निरीक्षण होने के बाद अब जनवरी माह में इंदौर से चित्तौड़गढ़ तक इलेक्ट्रिक इंजन से ट्रेन चलाए जाने की तैयारी हो गई है। इससे सफर का समय कम हो जाएगा।

**दीनदयाल नगर थाना नए भवन में होगा संचालित :** दीनदयाल नगर थाना वर्तमान में दीनदयाल नगर मेन रोड स्थित किराये के मकान में संचालित हो रहा है। थाने का नया भवन सागोद रोड पर दुग्ध डेयरी के पास बनाया गया है। भवन बनकर तैयार हो चुका है। नए साल में भवन का लोकार्पण होगा। वहीं जिले के बड़ावदा स्थित बड़ावदा थाने का भी नया भवन निर्माणाधीन है, वह नए साल में बनकर तैयार होगा।

**पुलिस लाइन में नए क्वार्टर तैयार :** पुलिस लाइन में पुलिस आरक्षकों के लिए 48 क्वार्टर व अधिकारियों के आठ क्वार्टर तैयार हो गए हैं। जनवरी में लोकार्पण की संभावना है। वहीं हाथी खाना क्षेत्र में अजाक थाने के पास भी पुलिस क्वार्टर बनाए जा रहे हैं। उनका निर्माण भी इसी वर्ष पूरा हो जाएगा।

नई दुनिया
1-1-2021

## गंदगी व मलबा फैलाने पर 12 व्यक्तियों पर जुर्माना

इन्दौर समाचार 1-1-2021

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। नगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार फीगंज क्षेत्र में गंदगी व मलवा फैलाने पर नवल किशोर व न्यू राजस्थान मशीनरी पर 2500-2500, प्रकाश टेडर्स, बालाजी एग्रो, गणेश टेडर्स, निलेश इन्टरप्राईजेस, महावीर टेन्ट हाउस, सतीश सोमानी, दीपक कोठारी, हर्ष अरोरा, जयश्री टेन्ट हाउस, लाला खान पर 500-500 रूपये का जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व श्री पर्वत हाड़े आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

इन्दौर समाचार
1-1-2021

नव भारत 1-1-21

## 12 पर जुर्माना

रतलाम। दुकानदार एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार फ्रीगंज क्षेत्र में गंदगी व मलबा फैलाने पर नवल किशोर व न्यू राजस्थान मशीनरी पर 2500-2500, प्रकाश ट्रेडर्स, बालाजी एग्रो, गणेश ट्रेडर्स, निलेश इन्टरप्राईजेस, महावीर टेन्ट हाउस, सतीश सोमानी, दीपक कोठारी, हर्ष अरोरा, जयश्री टेन्ट हाउस, लाला खान पर 500-500 रूपये का जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

नव भारत
1-1-2021

## गंदगी व मलबा फैलाने पर 12 व्यक्तियों पर जुर्माना

उज्जैन 1-1-2021

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नही डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है, ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है, ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। झारिया के निर्देशानुसार फ्रीगंज क्षेत्र में गंदगी व मलबा फैलाने पर नवल किशोर व न्यू राजस्थान मशीनरी पर 2500-2500, प्रकाश टेडर्स, बालाजी एग्रो, गणेश टेडर्स, महावीर टेन्ट हाउस, सतीश सोमानी, दीपक कोठारी, हर्ष अरोरा, जयश्री टेन्ट हाउस, लाला खान पर 500-500 रूपए का जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े आदि के द्वारा की गई।

उज्जैन दुनिया
1-1-2021

(11)

# भवन अनुज्ञा शुल्क कम किया जाए, भाजपा मण्डल अध्यक्षों ने सौंपा पत्र

**रतलाम ■ राज न्यूज़ नेटवर्क** 1-1-2021

नगर निगम द्वारा 1 दिसम्बर 2020 से बढ़ाए गए भवन निर्माण अनुज्ञा शुल्क में कमी करने की मांग को लेकर भाजपा मण्डल अध्यक्षों ने नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को पत्र सौंपा। इसमें बताया गया कि अनुज्ञा शुल्क में कमी के लिए शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने भी पत्र लिखा है। उन्होंने नगर निगम प्रशासक एवं कलेक्टर गोपालचंद डाड से चर्चा कर उन्हें अनुज्ञा शुल्क का युक्तियुक्तकरण करने को कहा है। भाजपा मण्डल अध्यक्षों ने बताया कि नगर निगम द्वारा की गई शुल्क वृद्धि किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। इससे आमजन पर अनावश्यक आर्थिक भार बढ़ रहा है। इस वृद्धि को तत्काल वापस लिया जाए। पत्र सौंपते समय भाजपा के प्रतिनिधि मण्डल में मण्डल अध्यक्ष निलेश गांधी, मयुर पुरोहित, कृष्णकुमार सोनी, आदित्य डागा सहित हेमन्त राहोरी, कमल सिलावट, धर्मेन्द्र देवड़ा एवं सिटी इंजीनियर एस.सी. व्यास उपस्थित थे।



राजएक्सप्रेस

1-1-2021

नवभारत 1-1-2021

## हटाने का विरोध कर धरना दिया

रतलाम। अर्जुन नगर में नगर निगम द्वारा खाली मिली नौ बीघा जमीन पर कब्जा लेने व शेष जमीन पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अब राजनीतिक रंग भी ले रही है। निगम द्वारा झुग्गी-झोपड़ी हटाने को लेकर कांग्रेस ने क्षेत्रवासियों के साथ शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया व पूर्व पार्षद रजनीकांत व्यास के नेतृत्व में नगर निगम के सामने गांधी उद्यान में मौन धरना देकर कार्रवाई का विरोध किया। क्षेत्रवासी बुधवार सुबह करीब साढ़े दस बजे एकत्र होकर धरने पर बैठ गए। दोपहर करीब एक बजे शहर एसडीएम अभिषेक गेहलोत व सीएसपी हेमंत चौहान वहां पहुंचे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष कटारिया व पूर्व पार्षद व्यास व पूर्व पार्षद कमरुद्दीन कछवाय ने एसडीएम को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। एसडीएम ने प्रकरण की जांच कराने का आश्वासन दिया।

नव-भारत

1-1-2021

(8)



**चेतन्य काश्यप,**
शहर विधायक

जीवन शहर को समर्पित है, इसलिए अगल से कोई संकल्प नहीं है। शहर के प्रत्येक व्यक्ति के पास पेयजल, आवास हो इसका प्रयास है।



**गोपालचंद्र डाड**
कलेक्टर रतलाम

शासन की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाना ही नए वर्ष का संकल्प हैए सभी लोगों की शिकायतों का समय पर निराकरण होए यह प्रयास रहेगा।

पत्रिका 1-1-2021




**सोमनाथ झारिया,**
आयुक्त नगर निगम

स्वयं के लिए कोई अलग से संकल्प नहीं है, लेकिन शहर स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में नंबर एक पर आए इसकेलिए संकल्पित होकर कार्य करना है।

## नगर निगम

- शहर को 37 टंकी से नियमित पेयजल देने की योजना पूरी हो सकती है।
- स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में शहर की स्थिति बेहतर हो सकती है।
- त्रिस्तरीय पंचायत व निकाय चुनाव होने से शहर को जनप्रतिनिधि मिलेंगे।
- सिटी फोरलेन के लंबित कार्य पूरे हो सकते है।

पत्रिका 1-1-2021



पत्रिका
1-1-2021

राज एक्सप्रेस 1-1-2021 (18)

# पीएम आवास योजना (शहरी) में मध्यप्रदेश का उत्कृष्ट प्रदर्शन

## ■ पीएम मोदी आज सीएम शिवराज को देंगे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य का दूसरा पुरस्कार

## ■ मंत्री भूपेंद्र सिंह प्राप्त करेंगे सार्वजनिक भूमि पर सर्वश्रेष्ठ एएचपी का विशेष पुरस्कार

भोपाल, (प्रसं)। एक जनवरी 2021 को वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)के उत्कृष्ट कार्यान्वयन करने के लिए पुरस्कार दिए जाएंगे। मध्यप्रदेश को राज्य व नगरीय निकायों की श्रेणी में सर्वाधिक चार पुरस्कार मिलेंगे।

सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य का दूसरा पुरस्कार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को दिया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान यह पुरस्कार इंदौर से (वर्चुअली) प्राप्त करेंगे। सार्वजनिक भूमि पर सर्वश्रेष्ठ एएचपी का विशेष पुरस्कार मंत्री नगरीय विकास एवं आवास भूपेंद्र सिंह, राज्यमंत्री, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिया जाएगा।

नगरीय निकायों के पुरस्कार भी राज्यमंत्री आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नगरीय निकायों के प्रतिनिधियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिए जाएंगे।प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा देश के हर नागरिक को पक्का आवास उपलब्ध कराने की परिकल्पना को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) को आरंभ किया गया था।

मध्यप्रदेश द्वारा योजना का प्रारंभ से ही तीव्र गति से क्रियान्वयन किया गया, जिसके फलस्वरूप प्रदेश में योजना के विभिन्न घटकों के अंतर्गत लगभग आठ लाख आवास स्वीकृत करते हुए तीन लाख हितग्राहियों को आवास प्रदान किये जा चुके हैं तथा वर्तमान में शेष आवासों का निर्माण प्रगतिरत है। प्रदेश में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कई नवाचार किए गए, जिसके परिणामस्वरूप योजना का सराहनीय क्रियान्वयन हो सका है। भूमिहीन परिवारों को आवासीय भूमि का पट्टा उपलब्ध किया गया ताकि वे योजना के बीएलसी घटक का लाभ लेने से वंचित न रहें। योजना के एएचपी घटक के अन्तर्गत हितग्राहियों को बैंकों से ऋण प्राप्त करने की कठिनाई दूर करने के लिए त्रिपक्षीय अनुबंध के माध्यम से नगरीय निकायों की जिम्मेदारी पर हितग्राहियों को सुगमतापूर्वक ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है।

### छिंदवाड़ा व खुरई ननि को श्रेष्ठ आवास निर्माण पुरस्कार

छिंदवाड़ा ननि में योजना का उत्कृष्ट क्रियान्वयन किया गया है। एएचपी घटक के सभी आवास पूर्ण कर लगभग सभी आवासों में हितग्राही निवास कर रहे हैं। बीएलसी घटक अंतर्गत भी स्वयं हितग्राहियों द्वारा आठ हजार से अधिक आवासों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। खुरई नगर पालिका में भी योजना का क्रियान्वयन बहुत अच्छा हुआ है। यहां बीएलसी घटक अंतर्गत तीन हजार से अधिक आवासों का निर्माण पूरा हो चुका है और एएचपी घटक अन्तर्गत निर्मित आवासों में हितग्राही निवास कर रहे हैं।

### देवास, बैतूल और अलीराजपुर के हितग्राहियों को श्रेष्ठ आवास निर्माण के लिए पुरस्कार

देवास, बैतूल व अलीराजपुर के हितग्राहियों को भी उत्कृष्ट आवास निर्माण के आधार पर पुरस्कृत किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में नगर उदय अभियान, शहरी विकास पर्व, शहरी विकास महोत्सव एवं भारत सरकार के अंगीकार अभियान आदि के माध्यम से हितग्राहियों को सहायता प्रदान करने एवं योजना की जागरूकता बढ़ाने के अनेक प्रयास किए गए हैं।

राज एक्सप्रेस 1-1-2021

**अफसरों ने नहीं दी थी जानकारी** | निकाय चुनाव की तैयार पूरी, चुनाव आयोग को लेना है फैसला

# मंत्री बोले- रीजनल पार्क जनता का, उनका हित प्राथमिकता

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इंदौर.** रीजनल पार्क को ठेके पर देने की जानकारी नगर निगम अफसरों ने शहर के जनप्रतिनिधियों के साथ सरकार को भी नहीं दी थी। यह मामला जब प्रदेश के नगरीय प्रशासन और आवास मंत्री भूपेंद्रसिंह के सामने उठा तो उन्होंने साफ कहा, रीजनल पार्क जनता का है। इस मामले में उनके हित को सबसे पहले देखा जाएगा। जो बेहतर होगा, वही फैसला लेंगे। मामले में पूरी जानकारी अधिकारियों से ली जाएगी।



नगरीय प्रशासन मंत्री दो दिनों के प्रवास पर गुरुवार शाम इंदौर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने रीजनल पार्क सहित अन्य संपत्तियों को ठेके पर देने के मामले को लेकर आश्चर्य जताया। उन्होंने पूरे मामले को अपने स्तर पर देखने की बात कही।

वहीं नगरीय निकाय चुनाव में हो रही देरी को लेकर उन्होंने गेंद राज्य चुनाव आयोग के पाले में डाल दी। उनका कहना था, सरकार की ओर से तैयारी पूरी है। सरकार ने वार्ड आरक्षण, महापौर आरक्षण की प्रक्रिया पूरी कर ली है। अब जो भी कार्रवाई करना है, वह आयोग को करना है। हालांकि, उन्होंने चुनाव मार्च या अप्रैल में होने की संभावना जताई है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों को वैध करने के लिए अब राज्य सरकार कानून बनाएगी।

### कॉलोनी वैध करने के लिए बनेगा कानून

मंत्री ने अवैध कॉलोनियों को वैध करने को लेकर कहा, पूर्व में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कॉलोनियां वैध करने की प्रक्रिया शुरू करते हुए कुछ कॉलोनियों को वैध भी किया था, लेकिन बाद में कांग्रेस सरकार ने कोर्ट में इस मामले में सही तरह से पक्ष नहीं रखा, जिसके कारण कोर्ट ने रोक लगा दी। अब सरकार इसके लिए कानून बनाने जा रही है।

### मेट्रो की दिक्कतें दूर, अब आएगी तेजी

इंदौर में मेट्रो प्रोजेक्ट के काम के पिछड़ने को लेकर मंत्री का कहना था, यह सही है कि बीच में कुछ कठिनाइयां आई थीं। इसे लेकर भोपाल में बैठक की थी। इस दौरान जो तकनीकी और आर्थिक समस्याएं थीं, उन्हें हमने दूर कर लिया है। अब मेट्रो प्रोजेक्ट में तेजी से काम होगा। इंदौर नगर निगम के आर्थिक संकट पर उन्होंने कहा, अब हमने पैसा देना शुरू कर दिया है।

अहमदाबाद • इंदौर • उज्जैन • उदयपुर • कोटा • कोलकाता • खंडवा • गंगापुरसिटी • ग्वालियर • चेन्नई • छिंदवाड़ा • जगदलपुर • जबलपुर • जयपुर • जोधपुर • दिल्ली • नागौर • पाली • बाड़मेर • बांसवाड़ा • बिलासपुर • बीकानेर • बेंगलूरु • भिलाई • भीलवाड़ा • भोपाल

पत्रिका 1-1-2021

7

## दस्तावेज जमा कराएं

रतलाम. समस्त श्रेणी के दिव्यांगजन युडीआईडी प्रमाण-पत्र बनवाने हेतु नगर निगम विकास शाखा स्थित पेंशन शाखा में संपर्ककर सकते हैं। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि इसके लिए आवश्यक दस्तावेज पासपोर्ट साईज फोटो, राशन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, समग्र आई.डी., नि:शक्त प्रमाण-पत्र, मोबाईल नम्बर कार्यालयीन समय में जमा कराए।

1-1-2021

1-1-2021

(12)

इन्दौर समाचार 1-1-2021

# नगर के विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाये



रतलाम। सर्द रातों में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाल चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय, रैन बसेरा सिविक सेन्टर, पांजरा पोल, महू रोड बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, नगर निगम फायर ब्रिगेड सहित नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं चौराहों पर गत रात्रि अलावा जलाये गये।

इन्दौर समाचार
1-1-2021



## नगर के विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाये

स्वतंत्र रैलान 1-1-2021

रतलाम । सर्द रातों में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाल चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय, रैन बसेरा सिविक सेन्टर, पांजरा पोल, महू रोड बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, नगर निगम फायर ब्रिगेड सहित नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं चौराहों पर गत रात्रि अलावा जलाये गये।

स्वतंत्र रैलान
1-1-2021

(14)

# टाटा नगर के 60 वर्षीय बुजुर्ग ने दम तोड़ा

## 278 रिपोर्ट में सात नए पॉजिटिव, दिसंबर के अंतिम दिन सबसे कम मरीज

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में कोरोना संक्रमण को लेकर साल का अंतिम दिन नए मरीजों के मान से राहत भरा रहा। कुल सात नए मरीज मिले। हालांकि एक मौत भी हुई।। शहर के टाटा नगर निवासी 60 वर्षीय बुजुर्ग ने कोरोना से दम तोड़ दिया। सात नए मरीज मिले जो दिसंबर महीने में सबसे कम रहे। कोरोना पॉजिटिव हुए बुजुर्ग का उपचार 22 दिसंबर से मेडिकल कॉलेज के केयर सेंटर में चल रहा था। 31 दिसंबर की शाम को मौत हो गई।

गुरुवार को 278 रिपोर्ट में सात नए मरीज मिले, जिसमें मेडिकल कॉलेज लैब की 32 रिपोर्ट में पांच और रैपिड एंटीजन की 246 रिपोर्ट में दो मरीज शामिल हैं। जिले में संक्रमितों का आंकड़ा 4082 पहुंच गया है। 19 नए डिस्चार्ज होने पर 3743 स्वस्थ हुए, जबकि 78 की मौत हुई। दिसंबर के 31 दिन में 744 नए मरीज मिले, 916 स्वस्थ हुए और आठ की मौत हुई। एक्टिव मरीज 261 हो गए हैं। 24 घंटे में शहर काटजू नगर, पीएनटी कॉलोनी, राजीव नगर, नामली और बांगरोद, जावरा में नए मरीज मिले। अब तक जिले में 67428 सैंपल लिए गए, जिसमें 39551 निगेटिव और 4082 पॉजिटिव मिले हैं। दिसंबर में हर दिन 24 नए मरीज मिले और 31 मरीज स्वस्थ हुए।



रतलाम में अब ज्यादातर लोग जागरूक होकर मास्क पहनने लगे हैं। ● नईदुनिया 1-1-2021

नई दुनिया 1-1-2021

**तैयारी... एसएमएस कर आपको बताएंगे कब टीका लगवाने आना है**

# वैक्सीन के लिए 29 कोल्ड स्टोरेज तैयार पहले 8174 हेल्थ वर्करों को लगेगा टीका

भास्कर संवाददाता | रतलाम 1-1-2021

नए साल की सबसे बड़ी सौगात कोरोना वैक्सीन है। वैक्सीन को लेकर ट्रेनिंग दे दी है। सबसे पहले यह वैक्सीन 8174 स्वास्थ्य कर्मचारियों को लगाई जाएगी। इसके लिए सभी कर्मचारियों का डाटा इकट्ठा हो गया है। 29 कोल्ड स्टोरेज तैयार है, जहां लाखों वैक्सीन रखी जा सकती है।

जिले में कोरोना वैक्सीन कब आएगी, इसे लेकर अभी अधिकारी कुछ नहीं कह रहे हैं। वैक्सीन लगाने के लिए तैयारियां अपने अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। उच्च अधिकारी ट्रेनिंग लेकर आ चुके हैं। जो बीएमओ को ट्रेनिंग दे रहे हैं। बीएमओ अधीनस्थ कर्मचारियों को ट्रेनिंग देंगे। जिले में 29 कोल्ड स्टोरेज को तैयार कर लिया है। इनमें वैक्सीन रखी जाएगी। स्टोरेज में बिजली की परेशानी ना हो, इसके लिए तैयारी की है।

### ऐसे लगेगी वैक्सीन... हाईटेक रहेगा काम

1. जिन्हें वैक्सीन लगना है उनके मोबाइल पर एक मैसेज आएगा। इस मैसेज में उन्हें वैक्सीन लगवाने कब और कहां आना है, इसकी जानकारी रहेगी।
2. वैक्सीनेशन के लिए अलग-बूथ बनाए जाएंगे। तय समय पर संबंधित व्यक्ति अपने बूथ पर वैक्सीन लगाने के लिए पहुंचेगा।
3. बूथ पर पहुंचने के बाद अपना मैसेज दिखाएगा, आधार कार्ड से संबंधित व्यक्ति की पहचान होगी। इसके बाद उस व्यक्ति को वेटिंग एरिया में बैठाया जाएगा।
4. उस व्यक्ति को ज्यादा इंतजार नहीं करना होगा। कुछ ही देर में वैक्सीन लगवाने के लिए बुलवाया जाएगा। यहां भी नाम-पता लिखवाना होगा। एक कक्ष में वैक्सीन लगेगी।
5. वैक्सीन लगवाने के तत्काल बाद घर नहीं जा सकते। एक ऑब्जरवेशन रूम बना हुआ होगा। यहां कम से कम आधा घंटा रहना होगा, ताकि, कोई रिएक्शन हो तो उस पर नजर रखी जा सके।
6. आधे घंटे बाद आपको घर जाने की अनुमति दे दी जाएगी।

**50 साल से ज्यादा उम्र के लोग का डाटा सरकार के पास :** हेल्थ वर्करों के बाद यह वैक्सीन ऐसे लोगों को लगाई जाएगी, जिनकी उम्र 50 साल से ज्यादा है। साथ ही उन्हें शुगर, ब्लड प्रेशर, दिल, कैंसर सहित अन्य बीमारियां हैं। ऐसे लोगों का डाटा सरकार के पास पहले से है।

### ये सुविधा हमारे पास

- 29 कोल्ड स्टोरेज जिले में बने हुए है।
- 34 आइएल, 44 डीप फ्रीजर है।
- 104 कोल्ड बॉक्स है
- 1575 वैक्सीन कैरियर है, जिनसे वैक्सीन को एक जगह से दूसरी जगह ले जाया जाएगा।

*फ्रंट लाइन वर्कर वैक्सीनेशन की प्राथमिकता में रहेंगे। सभी तैयारियां बारीकी से की जा रही है।*
**अभिषेक गहलोत**, एसडीएम, शहर

*वैक्सीन लगने में किसी को परेशानी नहीं आएगी। वैक्सीनेशन का पूरा प्लान तैयार है।*
**डॉ. प्रभाकर ननावरे**, सीएमएचओ,

*ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण दे रहे हैं। सभी कोल्ड स्टोरेज तैयार है।*
**वर्षा कुरील**, जिला टीकाकरण अधिकारी

कंटेंट : विवेक दुबे, विनीत श्रीवास्तव, कमलेश पांडेय, विकल्प मेहता, डी.एल. पंचोली, के.एल. सोलंकी, फोटो-पिंटू मेहता | डिजाइन : ब्रजेश अग्रवाल

दै. भास्कर
1-1-2021

3

# गंदगी व मलबा फैलाने वाले 26 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। नगर निगम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिकों व दुकानदारों पर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सतत नजर रखी जा रही है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी व मलबा फैलाने पर होटल शिवजी स्टेशन रोड पर 1000, श्रीराम खंडेलवाल, खंडेलवाल नमकीन, बजरंग टी स्टॉल, उत्तम कुमार, गोवर्धन दास, बालाजी रेस्टोरेंट, गुरुनानक किराना, बिसमिल्लाह होटल स्टेशन रोड, रिद्धि-सिद्धि रेस्टोरेंट 80 फीट रोड पर 500-500, नवीन, जय त्रिपाठी, महेश-मोहनलाल, भारत ऑटोमोबाइल, होटल शालिमार, यूसुफ बैग वाला स्टेशन रोड, मुकेश फ्रीगंज कलाली पर 250-250, ज्ञान सागर पुस्तक भंडार, फिरोज खान, हेमंत राज, दो बत्ती, गौरव, मुस्तफा भाई, मायाश्री रेस्टोरेंट पर 200-200, श्री राजस्थान भोजनालय पर 100 व राधेश्याम महू रोड बस स्टैंड पर 50 रुपये का जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्रवाई प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े आदि द्वारा की गई।



गायत्री टॉकीज रोड पर जुर्माना वसूलते हुए निगम का दल। ● नईदुनिया 1-1-2021

नई दुनिया
1-1-2021

अध्यात्म | त्रिवेणी तट पर चार जनवरी से शुरू होगा ग्यारह दिवसीय आयोजन

# अग्नि प्रवेश के साथ शुरू होगा महारुद्र यज्ञ

**रतलाम।** श्री सनातन धर्मसभा व महारुद्र यज्ञ समिति द्वारा 67वें महारुद्र यज्ञ के ग्यारह दिवसीय आयोजन चार जनवरी से त्रिवेणी तट पर शासन व प्रशासन की गाइड लाइन के अनुसार किया जाएगा। महोत्सव के दौरान अन्य धार्मिक कार्यक्रम भी होंगे।

समिति अध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य व सचिव नवनीत सोनी ने बताया कि 67वें महारुद्र यज्ञ के शुभारंभ से पहले तीन जनवरी को सुबह 9 बजे बागड़ों का वास में श्री अगरजी मंदिर स्थित श्री चौमुखा महादेव का पूजन, अभिषेक व महाआरती का आयोजन यज्ञाचार्य पं. दुर्गाशंकर ओझा व 21 भूदेवों के सानिध्य में यज्ञ के यजमान कौशल्या किशनलाल सोनी द्वारा किया जाएगा। 11:30 बजे त्रिवेणी तट पर दशविध शरीर शुद्धि हेमाद्री कर्म होगा।

श्री मां बगलामुखी पीठाधीश्वर खाचरौद के स्वामी कृष्णानंद जी के सानिध्य व सांसद गुमानसिंह डामोर के मुख्य आतिथ्य में 4 जनवरी सुबह 10 बजे धर्मध्वजा रोहण व 10:31 बजे हवन कुंड में अग्नि प्रवेश के साथ 67वें महारुद्र यज्ञ का शुभारंभ होगा। प्रतिदिन शाम पांच बजे यज्ञनारायण की महाआरती की जाएगी। 12 जनवरी को दोपहर तीन बजे यज्ञशाला से महादेव की जलाधारी की रथयात्रा निकाली जाएगी, जो मेला परिसर होते हुए भैरवनाथ मंदिर पहुंचेगी। यहां भेरूजी का पूजन किया जाएगा। 13 जनवरी अमावस्या के अवसर पर दोपहर दो बजे गंगाजल कलश यात्रा का आयोजन कर आद्यगुरु शंकराचार्य प्रतिमा का अभिषेक किया जाएगा। साथ ही 68वें महारुद्र यज्ञ के यजमान का नाम ड्रा द्वारा निर्धारित किया जाएगा। 14 जनवरी को दोपहर तीन बजे यज्ञ की पूर्णाहुति और महाआरती होगी। समिति के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने का अनुरोध किया है।

**निराश्रितों को कराएंगे भोजन**

श्री बद्रीनारायण सेवा ट्रस्ट संस्थापक ब्रह्मलीन संत रामचंद्र डोंगरे जी की प्रेरणा से त्रिवेणी के तट पर संचालित अन्नक्षेत्र में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महारुद्र यज्ञ के अवसर पर निराश्रित भोजन का आयोजन शासन-प्रशासन की गाइड लाइन के अनुसार किया जाएगा। ट्रस्ट अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र शर्मा ने बताया कि चार जनवरी से प्रारंभ होने वाले 67वें महारुद्र यज्ञ के अवसर पर प्रतिदिन सुबह 11 बजे उपस्थित निराश्रितों को भोजन का वितरण जनसहयोग से किया जाएगा।

नई दुनिया 1-1-2020

# 67 वें महारूद्र यज्ञ 4 से, धर्मध्वजा रोहण एवं अग्नि प्रवेश के साथ शुभारंभ

नव भारत 1-1-21

**रतलाम। श्री सनातन धर्मसभा एवं महारूद्र यज्ञ समिति द्वारा 67 वें महारूद्र यज्ञ के 11 दिवसीय आयोजन 4 जनवरी सोमवार से 14 जनवरी मंगलवार तक त्रिवेणी के पावन तट पर शासन व प्रशासन की गाईड लाईन के अनुसार किया जाएगा।**

जानकारी देते हुए समिति अध्यक्ष कन्हैयालाल मोर्य एवं सचिव नवनीत सोनी ने बताया कि 67 वें महारूद्र यज्ञ के शुभारंभ से पहले 3 जनवरी को सुबह 9 बजे बागड़ों का वास में श्री अगरजी मंदिर स्थित श्री चौमुखा महादेव का पूजन, अभिषेक व महाआरती का आयोजन यज्ञाचार्य पं. दुर्गाशंकर ओझा व 21 भूदेवों के सानिध्य में यज्ञ के यजमान कोशल्या किशनलाल सोनी द्वारा किया जाएगा एवं 11.30 बजे त्रिवेणीतट पर दशविध शरीर शुद्धि हेमाद्रि कर्म होगा। श्री मां बगलामुखी पीठाधीश्वर खाचरोद के स्वामी कृष्णानंदजी महाराज सानिध्य में एवं सांसद गुमानसिंह डामोर के मुख्य आतिथ्य में 4 जनवरी सुबह 10 बजे धर्मध्वजा रोहण एवं 10.31 बजे हवन कुण्ड में अग्नि प्रवेश के साथ 67 वें महारूद्र यज्ञ का शुभारंभ होगा। प्रतिदिन शाम 5 बजे यज्ञनारायण की महाआरती की जाएगी। 12 जनवरी को दोपहर 3 बजे यज्ञशाला से महादेव की जलाधारी की रथयात्रा निकाली जाएगी। जो मेला परिसर होते हुए भैरवनाथ मंदिर पहुंचेगी। यहां भैरूजी का पूजन किया जाएगा। 13 जनवरी बुधवार को अमावस्या के अवसर पर दोपहर 2 बजे गंगाजल कलश यात्रा का आयोजन कर आद्यगुरू शंकराचार्य प्रतिमा का जलाअभिषेक किया जाएगा। साथ ही 68 वें महारूद्र यज्ञ के यजमान का नाम ड्रा द्वारा निर्धारित किया जाएगा। 14 जनवरी गुरूवार को दोपहर 3 बजे यज्ञ की पूर्णाहुति एवं महाआरती होगी।

**निराश्रित को भोजन:** श्री बद्रीनारायण सेवा ट्रस्ट संस्थापक संत रामचन्द्र डोंगरे महाराज की प्रेरणा से यहां निराश्रित भोजन का आयोजन शासन-प्रशासन की गाईड लाईन के अनुसार किया जाएगा। ट्रस्ट अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि 4 जनवरी से प्रतिदिन सुबह 11 बजे निराश्रितों को भोजन का वितरण किया जाएगा।

नव-भारत
1-1-2021

1

**स्वच्छता सर्वेक्षण 2021** | स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत तेजी से हो रहा काम

# स्वच्छता एप पर गंदगी के फोटो तो तुरंत होगी सफाई

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में नंबर एक पर आने के लिए नगर निगम के प्रयास तेज हो गए हैं। गारबेज फ्री सिटी में दावा करने के बाद अब निगम ने आगे की तैयारियां शुरू कर दी हैं।

इसके लिए निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया व उनके दल ने गुरुवार सुबह शहर की विभिन्न कॉलोनियों से लेकर बाजार स्थल पर जाकर निरीक्षण किया व आमजन को स्वच्छता का संकल्प दिलाने वाली टीम के कामकाज को देखा। इन सब के बीच नगर निगम ने आमजन से स्वच्छता का एप डाउनलोड करने की अपील की है, इसके माध्यम से मिले गंदगी के फोटो पर तुरंत कार्रवाई करते हुए सफाई करवाई जाएगी। स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त झारिया, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान 2021 के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही लोगों को जागरुक किया जा रहा है।


सर्वे करते दल के सदस्य

## हर व्यक्ति करें एप डाउनलोड

मोबाइल में स्वच्छता एप को प्रत्येक व्यक्ति डाउनलोड करें। अगर क्षेत्र में गंदगी है या सफाई नहीं होती है तो फोटो भेजे, जिससे तुरंत सुधार किया जा सके। - **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

## मोबाइल एप बनाया

स्वच्छ भारत मिशन के तहत किये जा रहे स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 में शहर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर 1 बनाने के लिये शहरवासी सफाई संबंधी शिकायत स्वच्छता एप दर्ज कराने के लिये अपने एन्ड्रोयड मोबाईल पर गूगल प्ले स्टोर में जाकर स्वच्छता एप टाईप कर सकते है। इसके बाद एप को डाउनलोड करके आमजन जीपीएस को शुरू करके क्षेत्र में अगर बेहतर सफाई नहीं हो रही है तो गंदगी के फोटो भेज सकते है। शिकायत को स्वयं आयुक्त झारिया देखेंगे।

पत्रिका 1-1-2021

पत्रिका
1-1-2021